एक नजर में

दीपावली को दृष्टिगत रखते पटाखा गोडाउन एवं अस्थाई पटाखा दुकानों का पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा निरीक्षण

बुरहानुपर। दीपावली पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार एवं अति0 पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश के मार्गदर्शन में जिला बुरहानपुर में आगामी त्यौहार दीपावली को देखते हुए थाना शिकारपुरा के ग्राम दरियापुर में स्थित फ़टाका गोडाउन एवं अस्थाई पटाखा दुकान प्रिया फायर,साईं फायर, पापा फायर श्री कृष्णा फायर के गोडाउन दुकानो को चेक करने राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अधिकारी बुरहानपुर एसडीएम अजमेर सिंह गौड़,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल,नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी शिकारपुरा कमल पवार द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया एवं समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने.अपने क्षेत्र में लगने वाली दुकानों का किया गया निरीक्षण।पटाखा गोडाउन संचालकों से लाइसेंस व अभिलेख की जांच कर उनसे पूछताछ की पटाखा गोदामों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पटाखा स्वामियों को लापरवाही न बरतने तथा सुरक्षा संबंधी निर्देश दिये गये।

दुकानदारों को सुरक्षा हेतु बताया गया कि अग्निशामक यंत्र, रेत, पानी एवं कार्बनडाइ आक्साइड गैस आदि आग बुझाने वाले संसाधनों को दुकानों मैं सुरक्षित रखें ।धुमपान करने वालें व्यक्तियों को दुकान के पास ध्रुमपान न करने दिया जावे आदि सुरक्षा संबंधी निर्देश दिये ताकि कोई अनहोनी न होने पाए।

प्रदेश की समस्त मंडियों में 24 से 28 तक काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य : दीक्षित

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं संयुक्त मोर्चा केप्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने कहा कि मंडी बोर्ड को गिरवी रखकर एवं कर्मचारी के लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने पर विरोधए हड़ताल किया जाएगा उपरोक्त जानकारी देते हुए दीक्षित ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से संयुक्त संघर्ष मोर्चा भोपाल के संयोजक बीबी फौजदार,अंगिरा प्रसाद पांडे,नैन सिंह सोलंकी, रामवीर सिंह किरार ,वीरेंद्र नरवरिया ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर कहा कि भावांतर योजना चलाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मंडी बोर्ड को गिरवी रखकर 1500 करोड रुपए का ऋण लिया जा रहा है जो प्रदेश के कर्मचारियों अधिकारियों को मंजूर नहीं है ।

इस संबंध में कृषि मंत्री द्वारा 15 अक्टुबर 2025 को पत्र क्रमांक 2037 द्वारा स्पष्ट रूप से कृषि उत्पादन आयुक्त तथा सचिव किसान कल्याण कृषि विकास विभाग को निर्देश दिया था कि किसी प्रकार का ऋण नहीं लिया जाएगा और नियम भी है कृषि उपज मंडी नियम अधिनियम 1972 के अंतर्गत मंडी बोर्ड किसी प्रकार का लोन नहीं ले सकता ,लोन लिए जाने पर मंडी बोर्ड बंद हो सकता है जैसे कि अन्य बंद हुए बोर्ड निगम मंडल दुग्ध संघ तिलहन संघ इसका उदाहरणहै मध्य प्रदेश सरकार को भावांतर योजना चलना है उसका स्वागत है लेकिन इसके लिए वह भावांतर योजना की राशि की व्यवस्था शासन स्तर पर स्वयं करें ना की मंडी बोर्ड पर बोझ डालें ।

संघर्ष मोर्चा ने अपने पत्र क्रमांक 1607 1625 के माध्यम से कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में माननीय कृषि मंत्री माननीय प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड से निवेदन किया था लेकिन आज दिनांक तक कर्मचारियों की अधिकारियों की समस्या जो की तो यथावत लंबित है मंडी बोर्ड को शान द्वारा अनावश्यक दबाव देकर अरुण लेने पर मजबूर किया जाता है तथा कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है संघर्ष मौर्य प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य है जिसके अंतर्गत दिनांक 24/10/2025 को प्रदेश के सभी मंदिरों बोर्ड के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, इसके बावजूद शासन अगर कोई सार्थक कार्रवाई नहीं करता है तो दिनांक 29/10/2025 को प्रदेश की समस्त 269 मंडिया उपमंडिया एवं समस्त आंचलिक तकनीकी कार्यालय एवं मुख्यालय भोपाल के समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा एक देसी अवकाश लिया जाकर मंडी बोर्ड मुख्यालय में एकत्रित होकर आगामी रणनीति के तहत विस्तृत आंदोलन रूपरेखा तैयार की जाकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन एवं मंडी बोर्ड भोपाल की रहेगी।

आशा देवी पहली महिला जिनके पार्थिव शरीर को नेत्रदान और देहदान पर मिला गार्ड ऑफ ऑनर

बुरहानपुर। इंदिरा कॉलोनी निवासी 94 वर्षीय आशा देवी तेजराज जैन निमाड़ की पहली वृद्ध महिला है,जिन्हें देहदान और नेत्रदान करने पर उनके पार्थिव शरीर को शासन की ओर से गार्ड ऑफऑनर का सम्मान मिला। चार माह पहले शासन ने देहदान, अंगदान और नेत्रदान करने पर पार्थिव शरीर को यह सम्मान देने का एलान किया था, जिस पर सम्मान मिला।आशा देवी का पूरा जीवन . समाजसेवा में गुजरा, मरणोपरांत भी वह दूसरों के जीवन को रोशन कर समाजसेवा का बड़ा संदेश दे गई।आशादेवी तेजराज जैन 1931 को राजस्थान के जोधपुर जिले के छोटे से गांव अरटिया में जन्मी।16 वर्ष की आयु में उनका विवाह बुरहानपुर के बोरसल गांव में तेजराज जैन से हुआ। ।उन्होंने अपने जीवनकाल में सैकड़ों महिलाओं की प्रसूति कराई,उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा और हर पीड़ित के लिए सहारा बनीं। वो न किसी पुरस्कार के लिए सेवा करती थीं न प्रसिद्धि के लिए बल्कि क्योंकि उनके भीतर करुणा खुद एक धर्म थी।1999 में जब तेजराज की तबीयत बिगड़ी तो वे बुरहानपुर आ गई और वहां भी धम सेवा में सक्रिय रहीं। 2003 में जब तेजराज ने संथारा लिया, तो उन्होंने गहरी श्रद्धा और संतोष के साथ अपनी सहमति दी। यह उनके अटूट आत्मबल और आध्यात्मिक विश्वास का प्रतीक था।उनके लिए धर्म का अर्थ केवल पूजा नहीं था बल्कि हर जीव के प्रति करुणा, हर परिस्थिति में धैर्य और हर कार्य में समर्पण था।

डेढ़ साल में 15 लोगों ने किया नेत्रदान:-रोटरी क्लब की ओर से पिछले डेढ़ साल से नेत्रदान अभियान चलाया गया है। अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि रोटरी के इस अभियान से पिछले डेढ़ साल में 15 लोग नेत्रदान कर चुके हैं। इनके दान से 30 लोगों के जीवन को रोशनी मिली।आशा देवी के में इस निर्णय से और भी लोग जागरुक होंगे।

श्री स्वामीनारायण मंदिर में धनतेरस पर चरणों के दर्शन से मिलती है समृद्धि

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर जिले के प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में धनतेरस एक ऐसा दिन होता है जब मां लक्ष्मी जी के चरणों के दर्शन होते हैं यह चरण केवल धनतेरस के ही दिन ही दिखाई देते हैं, इनके दर्शन करने मात्र से वर्ष भर धन.धान्य की कमी नहीं होती और समृद्धि प्राप्त होती है।

मंदिर के कोठारी ब्रजवल्लभदास जी महंत स्वामिनारायण मंदिर, बुरहानपुर ने बताया कि बुरहानपुर जिले के प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में धनतेरस से एसा दिन होता है जब मां लक्ष्मी जी अपने चरणों के दर्शन अपने भक्तों को देती है यह कुमकुम में भरे चरणो का जो भी दर्शन करता है उसे धन.धान्य की कमी नहीं होती,कहते हैं मां लक्ष्मी जी का यह चरणों का कुमकुम बड़े ही भाग्य से भक्तों को

मिलता है कहते हैं की जो भी वक्त इस कुमकुम को शिरोधारर्य करता है वह भाग्यशाली होता है ।

जब इस संबंध में मंदिर के महंत कोठारी बृज बल्लभ दास जी से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि यह दर्शन केवल वर्ष में एक बार धनतेरस के दिन ही होते हैं स्वामी जी के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ था तो उसे समय भगवान धन्वंतरि ने अमृत के साथ.साथ मां लक्ष्मी जी को भी अपने साथ लाए थे तब से धनतेरस का दिन भक्तों के लिए बहुत ही महत्व का होता है आज के दिन जो भी दर्शन करता है वह धन.धान्य से परिपूर्ण होता है।

वही बुरहानपुर जिले के स्वामीनारायण मंदिर में मां लक्ष्मी जी के चरणों के दर्शन के लिए तांता लग गया और आए हुए भक्तों में रमेश दलाल,अध्यक्ष. गुजराती मोढ़ समाज ने कहा कि जो भी आज के दिन दर्शन करता है जिंदगी भर उसके पास धन की कमी नहीं रहती है वही उपेंद्र गुजराती , सचिव. गुजराती मोढ़ समाज बुरहानपुर ने बताया कि मां लक्ष्मी जी के चरणों के दर्शन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है वर्ष में एक बार चरणों का दर्शन करने को मिलता है।

पुलिस अधीक्षक ने सामान खरीद कर लोकल फॉर वोकल को दिया बढ़ावा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक ने अपने परिवार के साथ आम नागरिकों की तरह फूल चौक क्षेत्र में पहुंचकर फुटपाथी,स्थानीय दुकानदारों से माता लक्ष्मी की मूर्तिएसिंघाड़ेएहाथ बने देशी मिट्टी के दीये एवं अन्य पूजा सामग्री खरीदी। श्री पाटीदार ने कहा त्योहारों पर स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हर नागरिक का दायित्व है।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने शहर के स्थानीय फुटपाथी और हाथ ठेला दुकानदारों से धरतेरस की पूजन सामग्री खरीदी। उन्होंने परिवार के साथ आम नागरिकों की तरह सुभाष चौक क्षेत्र से माता लक्ष्मी की मूर्ति, सिंघाड़े ,हाथ बने देशी मिट्टी के दीये व अन्य सामग्री खरीदी। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकल फार वोकल सिर्फकहने के लिए नहीं है, इसे अपने

जीवन में उतारना भी चाहिए। वे हर साल दीपावली पर इसी तरह खरीदी कर स्थानीय व छोटे दुकानदारों को संबल प्रदान करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं।

उन्होंने कहा कि आम नागरिक भी स्थानीय व छोटे दुकानदारों से सामग्री खरीदें, ताकि उनकी दीपावली भी अच्छे से मन सके।उन्हें भी सालभर में आने वाले इस बड़े त्योहार से काफी उम्मीदें होती हैं। इस दौरान उन्होंने बाजार का निरीक्षण भी किया एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी ट्रैफिक राजेश बारवाल को दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भी अपने पर्व.त्योहारों की खरीदारी स्थानीय दुकानों व हाट.बाजारों से करें, जिससे छोटे व्यापारियों को भी त्योहार की खुशियों में सहभागी बनने का अवसर मिल सके।

रास्ते में मिला एंड्रॉयड मोबाइल धुलकोट पुलिस चौकी में जमा कराया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आज के दौर में जहां एक रुपए के लिए भी लोगों का ईमान डगमगा जाता है वहीं ग्राम धुलकोट के गुरु शिष्य ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। संदीप मासरे और डॉ कृष्णा मोरे को कॉलेज के पास एक बड़ा एंड्रॉयड मोबाइल मिला जिसे तुरंत ही धुलकोट पुलिस चौकी में श्री कमल वर्मा जी हेड साहब के पास जमा करवाया गया।डॉ कृष्णा मोरे ने बताया कि दूसरे की किसी भी वस्तु पर हमारा अधिकार नहीं होता है। वर्तमान में एंड्रॉयड मोबाइल महंगे मिलते हैं जिस किसी का भी मोबाइल गुम हुआ होंगा

वह बहुत परेशान हो रहा होंगा उसकी दिवाली की खुशी कम ना हो। हमारे माता पिता के दिए संस्कार है कि नेकी कर और दरिया में दाल। संदीप मासरे और डॉ कृष्णा मोरे ने मिले हुए एंड्रॉयड मोबाइल के वास्तविक मालिक को मिल जाने की कामना की और निरंतर ऐसे जनहित समाज सेवा कार्य करने का आग्रह किया।

सीईओ जिला पंचायत ने बोरीबुजुर्ग में विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर चर्चा की

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा ने गुरूवार को सांदीपनी शालाए बोरीबुजुर्ग में विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से सवाल.जवाब भी किये। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह से सवालों के जवाब दिये गये। सीईओ श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को मिट्टी के दीये भेंट किये एवं दीपावली पावन पर्व की शुभकामनां दीं।इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक]गैर बॉयो डिगरेडेलब सामग्री के उपयोग को कम करने के लिये प्रोत्साहित किया।इसी श्रृंखला में वर्मा ने ग्राम पंचायत असीर, धुलकोट,बोरीबुजुर्ग के प्रगतिरत् कार्यों का निरीक्षण किया एवं कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बुरहानपुर में एयरपोर्ट होगा तो बनेगा आत्मनिर्भर : समाजसेवी माने

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। अति प्राचीन ऐतिहासिक शहर बुरहानपुर को आत्मनिर्भर बनाना है तो सबसे पहले पर्यटन के क्षेत्र एवं बड़े उद्योगपतियों व पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए बुरहानपुर में एअरपोर्ट हवाई जहाज सुविधा अति आवश्यक है क्योंकि बुरहानपुर में बड़े उद्योगपतियों को हवाई जहाज सुविधा होने पर बुरहानपुर में बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा कोई भी अम्बानी,टाटा एवं अन्य बड़े उधमीयो को आवागमन के लिए सरल और कम समय में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए हवाई जहाज सुविधा होना अनिवार्य है उपरोक्त मांग वैद्य डॉ.सुभाष माने , उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश लेखक संघ बुरहानपुर द्वारा क्षेत्रिय सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं पूर्व मंत्री एवं विघायक

श्रीमती अर्चना चिटनिस बुरहानपुर से की।

उन्होंने कहा कि विदेशी एवं भारतीय पर्यटकों को महाभारत काल से सम्बंधित विश्व प्रसिद्ध असेरगढ का किला ,प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव जीए लगभग 2000 वर्ष पूर्व की जैन मंदिर में विराजमान भगवान की प्राचीन प्रतिमा ;मुर्तियांद्ध आज भी विद्यमान है, विश्व प्रसिद्ध बोहरा समुदाय की दरगाह हकिमी, स्वामीनारायण संप्रदाय मंदिर,वैष्णव सम्प्रदाय का प्राचीन बहू जी मंदिर,कबीर पंथी मंदिर, फारूखी काल की विश्व प्रसिद्ध जामा मस्जिद जिसमें संस्कृत भाषा एवं अरबी भाषा में एक मस्जिद निर्माण का विवरण लिखा है तथा मुगल बादशाह शाहजहां की बेगम मुमताज ने बुरहानपुर में 14 वे बच्चे को जन्म दिया था तब उसकी मृत्यु बुरहानपुर में हुई थी उसके मृत शरीर को छरू माह बुरहानपुर ग्राम जैनाबाद के आवखाना के पास दफ्नाया गया था छ:माह बाद मुमताज बेगम के शव को आगरा के विश्व प्रसिद्ध ताजमहल में दफनाया गया मुमताज बेगम और बादशाह शाहजहां की प्रेम कहानी भी बुरहानपुर से जुड़ी है इसे देखने भी पर्यटकों को आगरा से बुरहानपुर आने के लिए यदि हवाई जहाज सुविधा होगी तो पर्यटकों का बुरहानपुर आवागमन से शहर में उन्नति का मार्ग खुलेंगे।

दुसरा बुरहानपुर जिले में कपड़ा उद्योग तथा पावरलूम उद्योग से जुड़े अन्य महानगरों से व्यापारी वर्ग को बढ़ावा मिलेगा तथा कपड़ा उद्योग उन्नति करेगा।

हमारे क्षेत्र के विकास शील सांसद ज्ञानेश्वर पाटील एवं हम सब की लाडली बहन पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विघायक श्रीमती अर्चना चिटनिस से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से बुरहानपुर जिले में अति शीघ्र एअरपोर्ट बनवाने के लिए प्रयास कर जिले की जनता,व्यापारी, पर्यटकों तथा अन्य महानगरों में पढ़ने वाले बच्चों तथा नौकरी करने वाले लोगों को बहुत सुविधाजनक होगा।

आरोग्य भारती बुरहानपुर ने श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई धन्वंतरि जयंती

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। आरोग्य भारती बुरहानपुर इकाई द्वारा भगवान धन्वंतरि जयंती का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि की पूजा.अर्चना से हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात न्यूरो.साइकैट्रिस्ट डॉ.मयूर मूठे , अध्यक्षता डॉ.आई. एल. मूंदड़ा ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड, आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज अग्रवाल एवं अखिल भारतीय चिकित्सा संघ जिला अध्यक्ष डॉ.विनोद चौधरी उपस्थित रहे। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने सहभागिता कर भगवान धन्वंतरि के समक्ष आरोग्य सेवा का संकल्प दोहराया।

मुख्य अतिथि डॉ.मयूर मुठे ने अपने उद्बोधन में कहा कृ श्आज का मनुष्य भागदौड़ और तनाव से भरे जीवन में उलझा हुआ है। यदि वह मन को साध ले, विचारों को संयमित कर ले, तो न केवल तन स्वस्थ रहेगा बल्कि जीवन भी सुंदर बन जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आई.एल.मूंदड़ा ने कहा जीवन में सबसे बड़ी संपत्ति निरोगी काया है। इसी कारण भगवान धन्वंतरि को धन से नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के देवता के रूप में पूजा गया है। जब शरीर स्वस्थ होता है तभी जीवन में हर आनंद संभव है।

विशेष अतिथि डॉ.मनोज अग्रवाल ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा हम चिकित्सक केवल सेवा नहीं करते, बल्कि भगवान धन्वंतरि के प्रतिनिधि के रूप में पीड़ित मानवता को जीवन की आशा देते हैं। यही सेवा हमारी सच्ची आराधना है। उन्होंने आगे कहा कि आरोग्य भारती का उद्देश्य केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि समाज में निरोग भारत,स्वस्थ भारत का भाव जागृत करना है।

कार्यक्रम का संचालन अपना चैंबर्स संचालक नीरज कक्कड़ ने सहज एवं आकर्षक शैली में किया, आभार प्रदर्शन डॉ. विनोद चौधरी ने किया।कार्यक्रम में डॉ अरविंद पटेल, डॉ प्रदीप खैरनार,डॉ तरुण चौकसे,डॉ सुरेंद्र जादव,डॉ शरद गुप्ता, डॉ. योगेश, डॉ मनोज पाटिल, अक्षय दलाल, विनोद सुगंधी, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ ,चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल छाबड़िया , समाज सेवी गोवर्धन श्रॉफ ,राजेंद्र लाड ,राजेंद्र छाबड़िया, शरद मोरे और बड़ी संख्या में मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे।

बुरहानपुर पुलिस द्वारा सतत फुट पेट्रोलिंग

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र में त्योहारों के चलते पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया,भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों, होटल राज धर्मशाला, आदि की औचक चैकिंग करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई।फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के लिए किया जा रहा है जागरूक।

एक नजर ▶ शिव धाम बहादरपुर में चल रहा मोठी देवी उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ .....

शिव धाम गुरुजी भक्त मंडल द्वारा पं .योगेश चतुर्वेदी का स्वागत कर किया सम्मानित

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। शिव धाम बहादरपुर में चल रहा मोठी देवी उत्सव कल धुम धाम से सम्पन्न हुआ , आयोजक एवं शिवधाम के गुरुजी योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि 10 दिवसीय उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किए गए एवं अंतिम दिवस पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें शहर के संत ब्राह्मण एवं अतिथियों के हाथ से पुरस्कार वितरण किए गए।

हजारों भक्तों के सामने पुरस्कार का कार्यक्रम शुरू हुआ , इस अवसर पर अ भा संत समिति के जिला अध्यक्ष स्वामी नर्मदानंद गिरी जी महाराज जिला संरक्षक पुष्कारानंद जी महाराज संभाग प्रमुख बॉल्या महाराज, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिवेदी,शिवसेना प्रमुख पं आशीष शर्मा उपस्थित रहे। सभी संतो ने कार्य एवं कार्यक्रम की प्रशंसा की एवं योगेश गुरु जी को बहुत.बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा

कि इस तरह का आयोजनों से हम सभी में धर्म संस्कृति एवं संस्कार की बढ़ोतरी होती है।

इस अवसर पर पं योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों में संस्कार माता.पिता से ही आते हैं और मैं आज जहां हूं इसका श्रेय मेरे माता.पिता जी को जाता है मेरे पिता श्री वीरभान चतुर्वेदी जी एवं माता श्रीमती विदेह चतुर्वेदी जी द्वारा बचपन में मुझे जो धर्म से की शिक्षा दी गई उसी का अनुसरण करते हुए एवं उनके क्षेत्र छाया में रहते हुए आज यह सब कर पा रहा हूं इसलिए माता.पिता का कर्तव्य है कि अपनी संतान को अच्छे संस्कार दें जिससे वे जीवन की सही दिशा को जिएएऔर पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर हमारी पुरातन एवं सनातनी परंपरा को अपनाना चाहिए।योगेश गुरुजी ने कहा कि धर्म प्रश्नोत्तरी परीक्षा सहित जो अन्य प्रतियोगिता हुई उनके सभी विजेताओं को प्रथम द्वितीय तृतिय पुरस्कार के साथ ही सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

गुरुजी ने बताया की अलग.अलग प्रतियोगिताओं के कुल 21 प्रथम द्वितीय तृतीय ईनाम एवं 150 सांत्वना पुरस्कार वितरण किए गए एवं शिव धाम गुरुजी भक्त मंडल एवं ग्राम बहादुरपुर के ग्राम वासियों ने पं योगेश चतुर्वेदी गुरु जी का भव्य स्वागत किया ।इस अवसर पर गुरुजी भक्त मंडल के शिष्यों ने कहा कि गुरु जी के द्वारा जो कार्य होते हैं वह कहीं सनातन को मजबूत करते हैं और हमें एक धर्म की राह दिखाते हैं साथी उन्होंने कहा कि गुरु जी आप कोई भी कार्य करें हम सभी आपके साथ सदैव तत्पर होकर के कार्य करेंगे ।

गुरु जी ने कहा कि प्रतिवर्ष पूजा गिरी पूर्णिमा को यह यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें अगली बार से युवाओं के लिए भी विशेष प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया जाएगा। इस अवसर परअतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव एवं अमर यादव सहित ग्राम एवं जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।